रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD
सी०ई०एन० ०९/२०२५ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु
CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 21/08/2026 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I 2025 |

**Q.1** यीस्ट कोशिकाओं में अवायवीय श्वसन के दौरान निर्मित अंतिम उत्पाद कौन-से हैं?

**Ans** A). जल और ऑक्सीजन B). एथेनॉल और कार्बन डाइऑक्साइड C). ग्लूकोज और ऑक्सीजन D). लैक्टिक अम्ल और जल

**Correct Answer: B**

**Q.2** निम्नलिखित में से कौन-सा विन्यास (arrangement), सोडियम (परमाणु क्रमांक 11) तत्व की कक्षाओं में इलेक्ट्रॉनों के वितरण को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता है?

**Ans** A). 2,8,1 B). 3,9 C). 2,9 D). 1,8,2

**Correct Answer: A**

**Q.3** कॉलम A को कॉलम B से सुमेलित कीजिए।

| | कॉलम A | | कॉलम B |
|---|---|---|---|
| (a) | एल्वियोली (Alveoli) | (i) | श्वासनली में खाद्य प्रवेश को रोकना |
| (b) | हीमोग्लोबिन (Haemoglobin) | (ii) | गैस विनिमय |
| (c) | डायाफ्राम (Diaphragm) | (iii) | ऑक्सीजन परिवहन |
| (d) | एपिग्लोटिस (Epiglottis) | (iv) | अभिश्वसन में सहायक |

**Ans** A). a–ii, b–iv, c–iii, d–i B). a–iii, b–ii, c–iv, d–i C). a–ii, b–iii, c–iv, d–i D). a–iv, b–iii, c–ii, d–i

**Correct Answer: C**

**Q.4** एक स्टेथोस्कोप, ध्वनि के परावर्तन के सिद्धांत का उपयोग किस प्रकार करता है?

**Ans** A). अपने ट्यूब के भीतर बहु परावर्तन के माध्यम से हृद्-स्पंद की ध्वनियों को ट्रांसमिट करके B). आवृत्ति द्वारा ध्वनि निस्यंदन करके C). ध्वनि को बाहर की ओर निर्देशित करके D). ध्वनि तरंगों को अवशोषित करके

**Correct Answer: A**

**Q.5** यदि कोई लेंस, बिंब की ऊंचाई से दोगुनी ऊंचाई का प्रतिबिंब बनाता है, तो लेंस द्वारा उत्पन्न आवर्धन क्या होगा?

**Ans** A). 0.5 B). 2 C). 1 D). -2

**Correct Answer: B**

**Q.6** किसी वृत्ताकार धारा वाही परिपथ के केंद्र पर चुंबकीय क्षेत्र की दिशा निर्धारित करने के लिए किस नियम का उपयोग किया जाता है?

**Ans** A). दाहिने हाथ के अंगूठे का नियम B). जूल का ताप का नियम C). फ्लेमिंग का बाएं हाथ का नियम D). ओम का नियम

**Correct Answer: A**

**Q.7** **एक विद्यार्थी का यह दावा है कि एक स्थिर वस्तु में गतिज ऊर्जा इसलिए होती है क्योंकि उसका द्रव्यमान होता है। इस कथन का मूल्यांकन कीजिए।**

**Ans** A). कथन गलत है क्योंकि गतिज ऊर्जा के लिए गति की आवश्यकता होती है

B). यह कथन गलत है क्योंकि केवल गति में ऊर्जा को स्थितिज ऊर्जा के रूप में गिना जाता है

C). यह कथन केवल पृथ्वी पर स्थित वस्तुओं के लिए सही है

D). कथन सही है क्योंकि द्रव्यमान वाली सभी वस्तुओं में गतिज ऊर्जा होती है

**Correct Answer: A**

**Q.8** **सोडियम क्लोराइड जैसे आयनिक यौगिकों में सर्वाधिक कौन-सा गुणधर्म पाया जाता है?**

**Ans** A). गलित अवस्था में दुर्बल विद्युत चालकता B). ठोस अवस्था में उच्च विद्युत चालकता C). निम्न गलनांक और क्वथनांक D). उच्च गलनांक और क्वथनांक

**Correct Answer: D**

**Q.9** **यदि किसी खाद्य श्रृंखला के सभी सर्प लुप्त हो जाते हैं, तो खाद्य श्रृंखला पर तत्कालिक प्रभाव क्या होगा?**

**Ans** A). घास की समष्टि में कमी होगी B). बाघों की समष्टि में वृद्धि होगी C). वृक्षों की समष्टि में कमी होगी D). मेंढकों की समष्टि में वृद्धि होगी

**Correct Answer: D**

**Q.10** **निम्नलिखित में से क्या, विरंजक चूर्ण का एक उपयोग नहीं है?**

**Ans** A). पेय जल को विसंक्रमित करना B). कपास और लिनेन को विरंजित करना C). क्लोरोफॉर्म का विनिर्माण D). जल की कठोरता को दूर करना

**Correct Answer: D**

**Q.11** **यदि समान तत्व के दो परमाणुओं की द्रव्यमान संख्या विभिन्न है, लेकिन प्रोटॉनों की संख्या समान है, तो इस अंतर के लिए कौन-सा अवपरमाण्विक कण उत्तरदायी है?**

**Ans** A). प्रोटॉन B). पोजीट्रान C). न्यूट्रॉन D). इलेक्ट्रॉन

**Correct Answer: C**

**Q.12** **0.5 kg द्रव्यमान वाली एक खिलौना कार 2 m/s की चाल से गतिमान है। इसकी गतिज ऊर्जा कितनी होगी?**

**Ans** A). 2 J B). 0.5 J C). 1 J D). 2.5 J

**Correct Answer: C**

**Q.13** **पूर्ण उदासीनीकरण रासायनिक अभिक्रिया के दौरान सदैव कौन-से उत्पाद बनते हैं?**

**Ans** A). गैस और लवण B). अम्ल और क्षारक C). लवण और जल D). धातु और गैस

**Correct Answer: C**

**Q.14** **जब किसी वस्तु को दर्पण से 60 cm की दूरी पर रखा जाता है, तो एक वास्तविक, उल्टा प्रतिबिंब एक अवतल दर्पण के सामने 30 cm की दूरी पर बनता है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन दर्पण की फोकस दूरी का सर्वोत्तम वर्णन करता है?**

**Ans** A). दर्पण की फोकस दूरी -30 cm है B). दर्पण की फोकस दूरी -20 cm है C). दर्पण की फोकस दूरी + 15 cm है D). दर्पण की फोकस दूरी + 10 cm है

**Correct Answer: B**

**Q.15** **कार्बन की बहुआयामिता (versatility) को ध्यान में रखते हुए, कौन-सा परिदृश्य पर्यावरण विज्ञान में इसकी भूमिका को सर्वोत्तम तरीके से दर्शाता है?**

**Ans** A). अस्थियों में कैल्शियम कार्बोनेट का उपयोग B). श्वसन के दौरान कार्बन डाइऑक्साइड का बनना C). चट्टानों में मैग्नीशियम ऑक्साइड का बनना

D). जल में सोडियम कार्बोनेट का बनना

**Correct Answer: B**

**Q.16** **परिपक्व RBC में केंद्रक की अनुपस्थिति __________ के लिए अधिक स्थान प्रदान करती है, जो शरीर में ऑक्सीजन का वहन करता है।**

**Ans** A). क्लोरोफिल B). DNA C). हीमोग्लोबिन D). लाइसोसोम

**Correct Answer: C**

**Q.17** **भ्रूणीय विकास के दौरान अलग-अलग उंगलियों के निर्माण में सहायता करने वाली चयनात्मक कोशिका विनाश की प्रक्रिया का नाम बताइए।**

**Ans** A). समसूत्रण (Mitosis) B). प्रोगामीकृत कोशिका मृत्यु (Programmed cell death) C). अर्धसूत्रण (Meiosis) D). जीवद्रव्य कुंचन (Plasmolysis)

**Correct Answer: B**

**Q.18** **कपड़ों से तेल के धब्बों को साफ करने में मिसेल, साबुन को प्रभावी रूप से कार्य करने में कैसे सक्षम बनाते हैं?**

**Ans** A). वे अध्रुवीय पदार्थों को घेरकर फँसा लेते हैं, जिससे वे जल में विलेय हो जाते हैं।

B). वे जल के pH में वृद्धि कर देते हैं ताकि तेल, ठोस अवक्षेप बना सकें जिन्हें धोया जा सके।

C). वे रासायनिक रूप से तेल के अणुओं को ध्रुवीय टुकड़ों में तोड़ देते हैं जो आसानी से वाष्पित हो सकते हैं।

D). वे कपड़े की सतह पर एक जलविरागी परत चढ़ाते हैं, जो पानी को चिपकने से रोकती है।

**Correct Answer: A**

**Q.19** **निम्नलिखित में से कौन-सा निलंबन का एक गुणधर्म है?**

**Ans** A). कण 1 nm से छोटे होते हैं B). निस्यंदन द्वारा उन्हें पृथक किया जा सकता है C). कण नीचे नहीं बैठते हैं D). समांगी मिश्रण होता है **Correct Answer: B**

---

**Q.20** **एक क्षेत्र पारिस्थितिकीविज्ञ, निम्न ऑक्सीजन वाली उच्च-तुंगता पर स्थित झील में मछलियों का अध्ययन करता है। गिल (gills) में कौन-सा संरचनात्मक अनुकूलन सर्वाधिक प्रेक्षण किया जाएगा?**

**Ans** A). गिल में रक्त प्रवाह कम होना B). गिल के ऊतक में अल्पतर केशिकाएं होना C). गिल की झिल्लियां स्थूलतर होना D). गैस विनिमय के लिए बृहत्तर पृष्ठीय क्षेत्र होना **Correct Answer: D**

---

**Q.21** **कॉलम A में दिए गए उत्सर्जी उत्पाद को कॉलम B में दिए गए उसके निष्कासित करने वाले अंग से सुमेलित कीजिए।**

| कॉलम A (उत्सर्जी उत्पाद) | कॉलम B (अंग) |
|---|---|
| (a) यूरिया | (i) यकृत |
| (b) कार्बन डाइऑक्साइड | (ii) फुफ्फुस |
| (c) अतिरिक्त लवण | (iii) त्वचा |
| (d) पित्त लवण | (iv) वृक्क |

**Ans** A). a–iii, b–iv, c–ii, d–i B). a–ii, b–i, c–iv, d–iii C). a–iv, b–ii, c–iii, d–i D). a–iv, b–iii, c–i, d–ii **Correct Answer: C**

---

**Q.22** **एक साइकिल चालक 20 सेकंड में 60 मीटर उत्तर और फिर 80 मीटर दक्षिण की ओर जाता है। उसके औसत वेग का परिमाण क्या है?**

**Ans** A). पांच मीटर प्रति सेकंड B). एक मीटर प्रति सेकंड C). शून्य मीटर प्रति सेकंड D). सात मीटर प्रति सेकंड **Correct Answer: B**

---

**Q.23** **किसी नैदानिक जांच में एक ऐसे एककोशिकीय, गतिशील, यूकेरियोटिक जीव की पहचान की गई है जो भोजन के लिए जीवाणुओं का अंतर्ग्रहण करता है। पांच जगत प्रणाली में इस जीव की सर्वोत्तम स्थिति क्या है?**

**Ans** A). मोनेरा B). ऐनिमेलिया C). प्रोटिस्टा D). कवक **Correct Answer: C**

---

**Q.24** **कारों में सीट बेल्ट यात्रियों को अचानक ब्रेक लगाने या टक्कर होने पर __________ के कारण सुरक्षा प्रदान करने के लिए लगाई जाती हैं।**

**Ans** A). गति के जड़त्व B). दिशा के जड़त्व C). विरामावस्था के जड़त्व D). घर्षण **Correct Answer: A**

---

**Q.25** **एक तकनीशियन, तार की सामग्री या परिवेश को बदले बिना किसी धारावाही तार के परितः चुंबकीय प्रभाव को कम करना चाहता है। इसके लिए निम्नलिखित में से किस विधि का उपयोग किया जाना चाहिए?**

**Ans** A). तार के पथ को सरल रेखा में परिवर्तित करना B). उपयोग किए गए तार की लंबाई बढ़ाना C). धारा को परिवर्तित किए बिना तार को पतला बनाना D). तार से प्रवाहित होने वाली धारा की मात्रा को कम करना **Correct Answer: D**

---

**Q.26** **कौशल ने 64 km/h की चाल से 16 घंटे 15 मिनट तक यात्रा की। उसी दूरी को 10 घंटे में तय करने के लिए उसे किस चाल (km/h में) से यात्रा करनी चाहिए?**

**Ans** A). 104 B). 106 C). 105 D). 103 **Correct Answer: A**

---

**Q.27** **यदि $x = \sqrt{36} + (5)^2$ है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।**

**Ans** A). 30 B). 28 C). 32 D). 31 **Correct Answer: D**

---

**Q.28** **Δ ABC में, D, E और F क्रमशः भुजाओं AB, BC और CA के मध्य-बिंदु हैं। A, B, C, D, E और F का उपयोग करके चार त्रिभुज Δ ADF, Δ BDE, Δ CEF और Δ DEF बनाए जाते हैं।**

**इन चार त्रिभुजों के बारे में निम्नलिखित अवलोकन किए गए हैं।**
**i. सभी चार त्रिभुजों का परिमाप समान है।**
**ii. सभी चार त्रिभुजों का क्षेत्रफल समान है।**

**दिए गए अवलोकनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य है?**

**Ans** A). केवल (i) सत्य है। B). केवल (ii) सत्य है। C). न तो (i) और न ही (ii) सत्य है। D). (i) और (ii) दोनों सत्य हैं। **Correct Answer: D**

Q.29 यदि निम्नलिखित बंटन का माध्य 50 है, तो (6x + 9y) का मान ज्ञात कीजिए।

| वर्ग | 0-20 | 20-40 | 40-60 | 60-80 | 80-100 | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 9 | 16 | x | 2 | y | 70 |

Ans A). 297 B). 306 C). 312 D). 301

Correct Answer: B

Q.30 एक निश्चित संख्या का $\frac{3}{5}$ वां भाग, दूसरी संख्या के 70% के बराबर है। पहली संख्या और दूसरी संख्या का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans A). 4 : 5 B). 6 : 7 C). 7 : 6 D). 5 : 6

Correct Answer: C

Q.31 यदि ब्याज वार्षिक रूप से चक्रवृद्धि होता है, तो एक निश्चित धनराशि कितने प्रतिशत की वार्षिक दर दो वर्षों में स्वयं की 9 गुनी हो जाएगी?

Ans A). 75 B). 100 C). 150 D). 200

Correct Answer: D

Q.32 किसी खोखले बेलनाकार पाइप की लंबाई 40 cm है। इसकी बाह्य त्रिज्या 8 cm है और आंतरिक त्रिज्या 3 cm है। यदि सामग्री की लागत ₹1 प्रति $cm^3$ है, तो पाइप की लागत (₹ में) ज्ञात कीजिए। ( $\pi = 3.14$ का उपयोग कीजिए।)

Ans A). ₹6160 B). ₹6645 C). ₹6788 D). ₹6908

Correct Answer: D

Q.33 किसी वस्तु की कीमत में 12.5% की वृद्धि होने पर नई कीमत ₹18,000 हो जाती है। वस्तु की मूल कीमत ज्ञात कीजिए।

Ans A). ₹14,000 B). ₹20,000 C). ₹16,000 D). ₹18,000

Correct Answer: C

Q.34 एक व्यापारी अपने माल का मूल्य, क्रय मूल्य से 45% अधिक अंकित करता है और उस पर 17% की छूट देता है। यदि उसे x% का लाभ प्राप्त होता है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 22.35 B). 19.35 C). 20.35 D). 21.35

Correct Answer: C

Q.35 यदि $x = 5^3 \times 5^2$ है, तो $x \div 5^4$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 25 B). 15 C). 5 D). 10


Correct Answer: C

Q.36 $(2\cos^2 A - 1)\left(\frac{1 + \tan A}{1 - \tan A} + \frac{1 - \tan A}{1 + \tan A}\right)$ को सरल कीजिए।

Ans A). $2\tan^2 A$ B). 1 C). 2 D). $2\cos^2 A$

Correct Answer: C

Q.37 दिए गए दो पाई चार्ट, एक फ़ार्म में वर्ष 2023 और वर्ष 2024 के लिए विभिन्न फलों के उत्पादन (टन में) के बंटन को दर्शाते हैं।
कुल उत्पादन:
2023 → 2400 टन
2024 → 3000 टन




2023 से 2024 के बीच किस फल के उत्पादन में सर्वाधिक प्रतिशत की वृद्धि हुई?

Ans A). पपीता B). संतरा C). केला D). आम

Correct Answer: B

Q.38 एक जहाज को बिंदु M से बिंदु N तक धारा की दिशा में यात्रा करने और फिर M और N के मध्य में स्थित बिंदु P पर वापस आने में 15.5 घंटे लगते हैं। यदि धारा की चाल 3.5 kmph है और स्थिर जल में जहाज की चाल 11.5 kmph है, तो M और N के बीच की दूरी ज्ञात कीजिए।

Ans A). 118 km B). 120 km C). 110 km D). 105 km

Correct Answer: B

Q.39 $\sqrt{\dfrac{\tan\theta + \sin\theta}{\tan\theta - \sin\theta}} - \operatorname{cosec}\theta$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). cot θ B). cosec θ − cot θ C). cosec θ D). cosec θ + cot θ

Correct Answer: A

Q.40 संख्या 659A9422 को 3 से विभाज्य बनाने के लिए A का न्यूनतम मान क्या होना चाहिए?

Ans A). 1 B). 7 C). 2 D). 4

Correct Answer: C

Q.41 एक आयताकार मैदान की भुजाओं की लंबाई 63 m और 22 m है। इसका क्षेत्रफल एक वृत्ताकार मैदान के क्षेत्रफल के बराबर है। उस वृत्ताकार मैदान का परिमाप/परिधि (m में) ज्ञात कीजिए।
($\pi = \dfrac{22}{7}$ लीजिए)

Ans A). 119 B). 132 C). 146 D). 152

Correct Answer: B

Q.42 21 विद्यार्थियों के औसत अंक 32 हैं। यदि प्रथम 10 विद्यार्थियों के औसत अंक 30 हैं और अंतिम 10 विद्यार्थियों के औसत अंक 31 हैं, तो 11वें विद्यार्थी के अंक ज्ञात कीजिए।

Ans A). 60 B). 64 C). 65 D). 62

Correct Answer: D

Q.43 चार दुकानों I, II, III और IV में कुकर का अंकित मूल्य एकसमान है। कुकर के अंकित मूल्य पर, दुकान I, 97% और 13% की दो क्रमिक छूटें प्रदान करती है, दुकान II, 43% और 31% की क्रमिक छूटें प्रदान करती है, दुकान III, 73% और 14% की क्रमिक छूटें प्रदान करती है और दुकान IV, 97%, 83% और 24% की क्रमिक छूटें प्रदान करती है। निम्नलिखित में से कौन-सी दुकान कुकर को सबसे कम कीमत पर बेच रही है?

Ans A). I B). IV C). II D). III

Correct Answer: B

**Q.44** **₹30,000 की धनराशि दो अलग-अलग योजनाओं में 2 वर्षों के लिए निवेश की जाती है। पहली योजना में 8% वार्षिक ब्याज दर (वार्षिक रूप से संयोजित) से चक्रवृद्धि ब्याज प्राप्त होता है, जबकि दूसरी योजना में 6% वार्षिक ब्याज दर (वार्षिक रूप से संयोजित) से चक्रवृद्धि ब्याज प्राप्त होता है। दोनों योजनाओं से अर्जित चक्रवृद्धि ब्याज के बीच का अंतर ज्ञात कीजिए।**

**Ans** A). ₹1284 B). ₹1210 C). ₹1087 D). ₹1344

**Correct Answer: A**

**Q.45** **₹1,500 पर 3% मासिक ब्याज दर से 6 महीने का साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।**

**Ans** A). 22.5 B). 42.5 C). 270 D). 45

**Correct Answer: C**

**Q.46** **पीटर की आय ₹6,000 थी। जिस कंपनी में उसने काम किया, वह घाटे में आ गई और उसका वेतन 20% कम हो गया। एक वर्ष बाद, कंपनी ने उसे घटी हुई आय पर 30% की वृद्धि दी। पीटर की अंतिम आय की तुलना उसकी मूल आय से कीजिए और ज्ञात कीजिए कि उसकी अंतिम आय उसकी मूल आय से कितनी अधिक या कम है।**

**Ans** A). ₹240 अधिक B). ₹240 कम C). ₹200 कम D). ₹200 अधिक

**Correct Answer: A**

**Q.47** **n प्रेक्षणों 1, 4, 9, 16, ..., $n^2$ का माध्य 130 है। n का मान कितना है?**

**Ans** A). 20 B). 19 C). 15 D). 13

**Correct Answer: B**

**Q.48** **दो वर्ष पहले, रोहित की आयु उसके पुत्र की आयु की चार गुनी थी। अब से पाँच वर्ष बाद रोहित और उसके पुत्र की आयु का अनुपात 5 : 2 होगा। अब से पाँच वर्ष बाद उसके पुत्र की आयु कितनी होगी?**

**Ans** A). 9 वर्ष B). 18 वर्ष C). 14 वर्ष D). 13 वर्ष

**Correct Answer: C**

**Q.49** **निम्नलिखित में से कौन-सा अनुपात सबसे बड़ा है?**

**Ans** A). 4:5 B). 5:7 C). 7:10 D). 3:4

**Correct Answer: A**

**Q.50** **कृष लकड़ी की एक अलमारी 2 दिनों में बना सकता है और मोक्ष उसी अलमारी को 4 दिनों में बना सकता है। यदि वे मिलकर कार्य करते हैं, तो वे 114 अलमारियां कितने दिनों में बना लेंगे?**

**Ans** A). 154 B). 148 C). 156 D). 152

**Correct Answer: D**

**Q.51** **एक निश्चित तर्क का अनुसरण करने पर, 8 का संबंध 25 से है। उसी तर्क का अनुसरण करने पर 16 का संबंध 49 से है। उसी तर्क का अनुसरण करने पर, 30 का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है? (नोट: संख्याओं को उनके घटकीय अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए- 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)**

**Ans** A). 90 B). 81 C). 91 D). 106

**Correct Answer: C**

**Q.52** **एक प्रश्न के बाद दो कथन, (I) और (II) दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़ें और सही उत्तर का चयन करें।**

**Q.** पांच भार, W, X, Y, Z, और V में से सबसे भारी कौन-सा है?
**(I)** X, W और Y से भारी है लेकिन Z से हल्का है।
**(II)** V, X से भारी है लेकिन Z से हल्का है।

**Ans** A). कथन I और कथन II दोनों मिलकर (और न कि अकेले कथन I या अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।
B). अकेले कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
C). कथन I और कथन II दोनों मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
D). अकेले कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।

**Correct Answer: A**

**Q.53** **यदि शब्द DOSAGE के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?**

**Ans** A). एक भी नहीं B). तीन C). दो D). एक

**Correct Answer: A**

**Q.54** सात विद्यार्थी, I, J, K, P, Q, R और Z, एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। Z, K के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। P के बाईं ओर कोई नहीं बैठा है। P और I के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। J के दाईं ओर केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। Q, J का निकटतम पड़ोसी नहीं है। पंक्ति के दाएं छोर पर कौन बैठा है?

**Ans** A). Z B). P C). Q D). I **Correct Answer: C**

**Q.55** संख्याओं के दो सेट नीचे दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक सेट में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएं करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएं करके तीसरी संख्या प्राप्त की जाती है, और इसी प्रकार आगे की संख्याएं प्राप्त की जाती हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प दिए गए सेटों के समान संक्रियाओं का अनुसरण करता है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए, 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

18 - 8 - 64 - 74;
19 - 9 - 81 - 91

**Ans** A). 12 - 2 - 4 - 2 B). 16 - 6 - 36 - 46 C). 20 - 10 - 100 - 120 D). 17 - 7 - 49 - 39 **Correct Answer: B**

**Q.56** यदि 'F' का अर्थ 'x' है, 'G' का अर्थ '÷' है, 'H' का अर्थ '+' है, और 'I' का अर्थ '-' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?

8 F 2 G 4 H 5 I 3 = ?

**Ans** A). 6 B). 9 C). 10 D). 8 **Correct Answer: A**

**Q.57** नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करने वाले युग्म का चयन करें। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

JHL−HFJ
RPT−PNR

**Ans** A). YVY−VTX B). YWA−VUX C). YWA−WUY D). YVY−WUY **Correct Answer: C**

**Q.58** छह मित्र E, F, G, H, L और M उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं। G के बाईं ओर केवल E बैठा है। E और L के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। G और F के बीच केवल H बैठा है, और G, L का निकटतम पड़ोसी नहीं है। M और G के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans** A). तीन B). एक C). चार D). दो **Correct Answer: A**

**Q.59** यदि शब्द FIGHTER के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

**Ans** A). एक B). दो C). तीन D). चार **Correct Answer: B**

**Q.60** नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करने वाले युग्म का चयन करें। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

NQS−PSU
KNP−MPR

**Ans** A). UWX−WZB B). UXZ−VZA C). UWX−VYA D). UXZ−WZB **Correct Answer: D**

**Q.61** एक प्रश्न के बाद दो कथन, (I) और (II) दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़ें और सही उत्तर का चयन करें।

**Q.** अवि, बीना, कारा, डोला और एम्मा एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। एम्मा के ठीक दाईं ओर पड़ोस में कौन बैठा है?
**(I)** अवि, कारा के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। डोला, कारा के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठी है।
**(II)** बीना, कारा के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठी है। अवि और बीना की निकटतम पड़ोसी डोला है।

**Ans** A). अकेले कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
B). कथन I और कथन II दोनों मिलकर (और न कि अकेले कथन I या अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।
C). कथन I और कथन II दोनों मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
D). अकेले कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है। **Correct Answer: A**

**Q.62** यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।

LIP MAT CAN LAD

प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाए और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूहों में, कोई स्वर नहीं आएगा?

**Ans** A). 4 B). 3 C). 1 D). 2

**Correct Answer: B**

**Q.63** G, H, I, B, C, D और E में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर उसी सप्ताह के रविवार को समाप्त होने वाले सप्ताह के अलग-अलग दिन है।
C और G के बीच केवल एक व्यक्ति की परीक्षा है। H से पहले केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा है। B के बाद केवल एक व्यक्ति की परीक्षा है। H और D के बीच केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा है। E की परीक्षा C से ठीक पहले है।
I और C के बीच कितने व्यक्तियों की परीक्षा है?

**Ans** A). चार B). तीन C). एक D). दो

**Correct Answer: D**

**Q.64** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?
13 20 28 37 47 ?

**Ans** A). 59 B). 58 C). 56 D). 57

**Correct Answer: B**

**Q.65** उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर खड़ी एक पंक्ति में, हीरा बाएं छोर से 12वें स्थान पर है। तीशा बाएं छोर से 22वें स्थान पर है। तिशा, हीरा और कशिश के ठीक बीच में है। यदि कशिश पंक्ति के दाएं छोर से 13वें स्थान पर है, तो पंक्ति में कुल कितने लोग हैं?

**Ans** A). 43 B). 44 C). 42 D). 41

**Correct Answer: B**

**Q.66** अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, अक्षर समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans** A). OW – XH B). KS – TD C). RA – TY D). IQ – RB

**Correct Answer: C**

**Q.67** H, L का पिता है। F, H की पत्नी है। T, F की माता है। L, M का भाई है। T का M से क्या संबंध है?

**Ans** A). माता की माता B). भाई की पत्नी C). पत्नी की माता D). बहन

**Correct Answer: A**

**Q.68** एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',
A @ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
A < B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
और A # B का अर्थ है कि 'A, B की माता है'।

यदि 'I # J + O < P @ X' है, तो I का X से क्या संबंध है?

**Ans** A). पत्नी के पिता का भाई B). पत्नी की पिता की बहन C). पत्नी की माता D). पत्नी के पिता की माता

**Correct Answer: D**

**Q.69** वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है)

**Ans** A). NPS B). CEG C). QSV D). FHK

**Correct Answer: B**

**Q.70** निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएँ केवल एकल-अंकीय संख्याएँ हैं। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए।

(बाएँ) 2 8 1 3 4 5 7 1 6 3 4 8 5 1 2 7 9 7 2 9 6 3 1 5 (दाएँ)

ऐसे कितने सम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक और ठीक बाद में भी एक विषम अंक है?

**Ans** A). चार B). तीन C). दो D). पाँच

**Correct Answer: D**

Q.71 निम्नलिखित अक्षर, संख्या, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएं केवल एकल अंकीय संख्याएं हैं। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 3 H 7 $ R @ 9 T % 4 K 2 & M ! 6 P 9 * D #(दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर है और ठीक बाद में एक संख्या है?

Ans A). एक B). दो C). एक भी नहीं D). तीन

Correct Answer: D

Q.72 यदि 'P' का अर्थ '–' है और 'Q' का अर्थ '×' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

25 Q 3 P 10 = ?

Ans A). 75 B). 70 C). 60 D). 65

Correct Answer: D

Q.73 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से IOLK का संबंध WCZY से है। उसी प्रकार, MSPO का संबंध AGDC से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, CIFE का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?

Ans A). QWSA B). QWTS C). QWER D). QYTR

Correct Answer: B

Q.74 निम्नांकित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।

(बाएं) £ 9 $ £ £ % € 6 3 3 1 8 & 3 © # * 7 * & 3 & (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में भी एक संख्या है?

Ans A). 1 B). 2 C). 0 D). 3

Correct Answer: A

Q.75 एक प्रश्न के बाद दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें (I) और (II) से क्रमांकित किया गया है। आपको यह तय करना है कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़ें और उपयुक्त उत्तर का चयन करें।

प्रश्न:
पांच थैले – J, K, L, M और N – अलग-अलग भार के हैं। इनमें से सबसे भारी कौन है?

कथन:
(I) M, K और J से भारी है, लेकिन N से हल्का है।
(II) L, N से भारी है। J सबसे भारी नहीं है।

Ans A). कथन I और II दोनों एक साथ (न तो अकेले कथन I और न ही अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

B). कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है।

C). कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है।

D). कथन I और II दोनों एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

Correct Answer: A

Q.76 दिए गए कथनों और निष्कर्षों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन: सभी पेड़, क्रेन हैं। सभी क्रेन, बच्चे हैं।
निष्कर्ष:
(I) कुछ बच्चे, क्रेन हैं।
(II) सभी पेड़, बच्चे हैं।

Ans A). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। B). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। C). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
D). न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

Correct Answer: B

Q.77 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है तथा 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

8 B 5 D 8 A 2 C 4 = ?

Ans A). 42 B). 40 C). 43 D). 41

Correct Answer: B

**Q.78** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

AEH CGJ EIL GKN ?

Ans A). INP B). IMP C). INO D). IMO

Correct Answer: B

**Q.79** सात डिब्बों I, J, K, Q, R, S और T को एक के ऊपर एक रखा गया है, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। T के ऊपर केवल चार डिब्बों को रखा गया है। Q और T के बीच केवल तीन डिब्बों को रखा गया है। I और K के बीच केवल एक डिब्बा रखा गया है। K को T के ठीक ऊपर रखा गया है। I और S के बीच केवल चार डिब्बों को रखा गया है। J को R के ऊपर किसी एक स्थान पर रखा गया है। कौन-सा डिब्बा, J के नीचे दूसरे स्थान पर रखा गया है?

Ans A). I B). R C). T D). K

Correct Answer: C

**Q.80** यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।

DOG ASK COD FIT

यदि प्रत्येक शब्द के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूह में कोई स्वर नहीं होगा?

Ans A). एक भी नहीं B). तीन C). एक D). दो

Correct Answer: C

**Q.81** RBI ने अक्टूबर 2025 में जारी अपनी मौद्रिक नीति रिपोर्ट में क्या निर्णय लिया?

Ans A). रेपो दर में वृद्धि; सख्त रुख B). रेपो दर 6.00% पर अपरिवर्तित; नरम रुख C). रेपो दर में कटौती; सौम्य रुख D). रेपो दर 5.50% पर अपरिवर्तित; तटस्थ रुख

Correct Answer: D

**Q.82** बिहार राज्य चुनाव 2025 में किस पार्टी ने सबसे अधिक सीटें जीतीं?

Ans A). भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस - INC B). जनता दल (यूनाइटेड) - JD(U) C). राष्ट्रीय जनता दल - RJD D). भारतीय जनता पार्टी - BJP

Correct Answer: D

**Q.83** रॉब जेटन (Rob Jetten), जिन्होंने फरवरी 2026 में प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली, किस यूरोपीय देश में पद संभालने वाले सबसे युवा और पहले खुले तौर पर समलैंगिक प्रधानमंत्री बने?

Ans A). स्वीडन B). नीदरलैंड C). बेल्जियम D). डेनमार्क

Correct Answer: B

**Q.84** फेडरेशन कप 2026 में पुरुषों के शॉट पुट में बड़ा उलटफेर (upset) देखने को मिला। किस एथलीट ने दो बार के एशियाई खेलों के चैंपियन को हराकर कॉमनवेल्थ गेम्स में जगह बनाई?

Ans A). समरदीप सिंह गिल B). करणवीर सिंह C). तेजिंदरपाल सिंह तूर D). प्रवीण चित्रवेल

Correct Answer: A

**Q.85** नवंबर 2025 में मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के पक्षकारों की सैंतीसवीं बैठक (MOP37) कहाँ आयोजित की गई थी?

Ans A). नैरोबी, केन्या B). जिनेवा, स्विट्जरलैंड C). बैंकॉक, थाईलैंड D). वियना, ऑस्ट्रिया

Correct Answer: A

**Q.86** भारत सरकार द्वारा 11 मई 2026 को अधिसूचित किस मिशन का उद्देश्य महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम को प्रतिस्थापित करते हुए ग्रामीण रोजगार और आजीविका के अवसरों को सुदृढ़ करना था?

Ans A). ग्रामीण कौशल एवं रोजगार योजना B). प्रधानमंत्री ग्रामीण रोजगार अभियान C). राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका और रोजगार मिशन

D). विकसित भारत – रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) की गारंटी

Correct Answer: D

**Q.87** बजट 2026 में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार, ग्रामीण परिवारों के लिए विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) [VB-GRAM G] अधिनियम, 2025 में कौन-सी प्रमुख विशेषता शामिल की गई थी?

Ans A). प्रत्येक वित्तीय वर्ष में मजदूरी आधारित रोजगार की वैधानिक गारंटी को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन करना

B). सभी ग्रामीण परिवारों के लिए ब्याज-मुक्त कृषि ऋण का प्रावधान C). प्रत्येक ग्रामीण परिवार के लिए अनिवार्य फसल बीमा कवरेज

D). 60 वर्ष से अधिक आयु के सभी ग्रामीण श्रमिकों के लिए सार्वभौमिक पेंशन कवरेज

Correct Answer: A

**Q.88** 2026 के केरल विधानसभा चुनावों के बाद केरल के मुख्यमंत्री के रूप में किसने शपथ ली?

Ans A). वी. डी. सतीशन B). पिनाराई विजयन C). शशि थरूर D). के. सुधाकरन

Correct Answer: A

**Q.89** **2026 ICC पुरुष T20 विश्व कप के फाइनल मैच का आयोजन स्थल क्या था, जहां भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर खिताब जीता था?**

Ans A). वानखेड़े स्टेडियम, मुंबई B). ईडन गार्डन्स, कोलकाता C). एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरु D). नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद

**Correct Answer: D**

**Q.90** **किस संस्थान ने जल से विषैले प्लास्टिक प्रदूषकों को तेजी से हटाने के लिए नैनो-सक्षम नवाचार विकसित किया था, जो जनवरी 2026 में नमामि गंगे, स्वच्छ भारत, जल जीवन मिशन और UN सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप एक पहल थी?**

Ans A). भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलुरु B). भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली C). भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की D). राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान

**Correct Answer: C**

**Q.91** **फरवरी 2026 में, 50m राइफल 3 पोजीशन इवेंट में नया विश्व रिकॉर्ड किसने बनाया?**

Ans A). गगन नारंग B). अभिनव बिंद्रा C). ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर D). नीरज कुमार

**Correct Answer: C**

**Q.92** **राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2026 की थीम "मेरा भारत, मेरा वोट" के साथ निम्नलिखित में से कौन-सी टैगलाइन थी?**

Ans A). भागीदारी के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूत करना B). प्रत्येक वोट राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करता है C). भारतीय लोकतंत्र के केंद्र में नागरिक D). चुनावी अखंडता के लिए नागरिकों को सशक्त बनाना

**Correct Answer: C**

**Q.93** **किस कार्यक्रम के अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मई 2026 में नई दिल्ली में मुख्य अतिथि के रूप में आयोजित 'जनजाति सांस्कृतिक समागम' को संबोधित किया था?**

Ans A). विश्व जनजातीय दिवस समारोह B). आजादी का अमृत महोत्सव समारोह C). भारत के संविधान की 75वीं वर्षगांठ D). भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष

**Correct Answer: D**

**Q.94** **युवा भागीदारी को प्रोत्साहित करने और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने के लिए पूरे भारत में मनाए गए राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2026 की थीम क्या थी?**

Ans A). मेरा भारत, मेरा वोट B). भागीदारी के माध्यम से लोकतंत्र C). हर वोट की शक्ति D). एक राष्ट्र, एक चुनाव

**Correct Answer: A**

**Q.95** **1 जनवरी 2026 को किस देश ने आधिकारिक रूप से यूरो को अपनी राष्ट्रीय करेंसी के रूप में अपनाया और यूरोजोन (Eurozone) का 21वां सदस्य बन गया?**

Ans A). रोमानिया B). क्रोएशिया C). बुल्गारिया D). हंगरी

**Correct Answer: C**

**Q.96** **मई 2026 में प्रकाशित निम्नलिखित में से कौन-सी पुस्तक शिवराज सिंह चौहान के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ 35 वर्षों के सहसंबंध का विस्तृत विवरण प्रदान करती है, जिसमें संगठनात्मक रणनीति और राष्ट्र निर्माण पर प्रकाश डाला गया है?**

Ans A). जर्नी ऑफ गवर्नेंस (Journey of Governance) B). लीडरशिप अनवील्ड (Leadership Unveiled) C). संकल्प से सिद्धि (Sankalp Se Siddhi) D). अपनापन (Apnapan)

**Correct Answer: D**

**Q.97** **मई 2026 में, डॉ. जितेंद्र सिंह द्वारा दुर्लभ आनुवंशिक विकारों और जीनोम-आधारित सटीक चिकित्सा के लिए प्रारंभिक अंतःक्षेप और किफायती स्वास्थ्य सेवा को बढ़ावा देने हेतु राष्ट्र को समर्पित कार्यक्रम का क्या नाम था?**

Ans A). UMMID (उम्मीद) B). AYUSH (आयुष) C). SAKSHAM (सक्षम) D). UMANG (उमंग)

**Correct Answer: A**

**Q.98** **जनवरी 2026 में, DRDO ने हैदराबाद में स्क्रैमजेट कनेक्ट पाइप टेस्ट (SCPT) फैसिलिटी में अपने पूर्ण-स्केल स्क्रैमजेट इंजन का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। इस परीक्षण का मुख्य परिणाम क्या था?**

Ans A). सामान्य इंजनों का उपयोग करके लघु सुपरसोनिक फ्लाइट B). एक नए गाइडेड मिसाइल सिस्टम का विकास C). उपयोग के लिए तैयार हाइपरसोनिक मिसाइल का लॉन्च D). बारह मिनट से अधिक समय तक रन करने वाला दीर्घ हाइपरसोनिक इंजन

**Correct Answer: D**

**Q.99** **क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक 26 मई, 2026 को भारत के निम्नलिखित में से किस शहर में आयोजित की गई थी?**

Ans A). कोलकाता B). नई दिल्ली C). मुंबई D). जयपुर

**Correct Answer: B**

**Q.100** **2026 ICC अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में भारत ने किस टीम को हराकर रिकॉर्ड छठी बार खिताब अपने नाम किया?**

Ans A). न्यूजीलैंड B). इंग्लैंड C). दक्षिण अफ्रीका D). ऑस्ट्रेलिया

**Correct Answer: B**

"